राज्यपाल सचिवालय
राज भवन जयपुर

पैरालंपिक में भारत को स्वर्ण पदक दिलाने पर राज्यपाल श्री बागडे ने प्रवीण कुमार को बधाई दी

जयपुर, 6 सितंबर। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने पेरिस पैरालंपिक में शुक्रवार को पुरुषों की ऊंची कूद टी64 के अंतर्गत भारत को स्वर्ण पदक दिलाने पर प्रवीण कुमार को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि पूरा देश प्रवीण कुमार के खेल प्रदर्शन से गौरवान्वित हुआ है।

श्री बागडे ने भारतीय खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन के जारी रहने पर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि देश को अपने इन खिलाड़ियों पर गर्व है।